सीईटी पास 3.57 लाख युवाओं का नौकरी पाने का इंतजार बढ़ा

ग्रुप-सी भर्ती के आवेदन की प्रक्रिया पर रोक, 469 पद और जोड़ 31,998 पदों पर होगी भर्ती

भास्कर न्यूज | राजधानी हरियाणा

पिछले दो साल से सरकारी नौकरी का सपना संजोए युवाओं का इंतजार और बढ़ा दिया गया है। दरअसल, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) ने ग्रुप-सी के 31,529 पदों की भर्ती प्रक्रिया रोक दी है। इसकी वजह यह है कि सरकार ने 469 और पदों पर भर्ती का प्रस्ताव भेजा है। यह पद 30 तरह के होंगे। आयोग इन पदों के लिए भी विज्ञापन जारी करेगा। ऐसे में ग्रुप-सी के कुल 31,998 पद हो गए हैं। सभी पदों के लिए एक साथ आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आवेदन के लिए पहले 16 मार्च से 5 अप्रैल तक का समय तय किया था। आयोग चेयरमैन ने बताया कि अब 3 दिन बाद सभी पदों के आवेदन के लिए पोर्टल खोला जाएगा। बता दें कि ग्रुप-सी के लिए प्रदेश के 3.57 लाख युवाओं ने सीईटी पास किया हुआ है।

ग्रुप-सी के ये 469 पद और जोड़े जाएंगे

हरियाणा बिजली निगम		टीआईसी	12	यूडीसी फील्ड	25
प्लांट अटेंडेंट		स्टोर मुंशी	4	जूनियर स्केल स्टेनो	12
इलेक्ट्रिशियन	40	एएसके	3	स्टेनो टाइपिस्ट	3
प्लांट अटेंडेंट फीटर	40	एनालिसिस्ट	12	सेक्शन ऑफिसर	14
प्लांट अटेंडेंट		फॉयर ड्राइवर कम पंप		डिवीजनल अकाउंटेंट	3
इंस्ट्रूमेंटल एंड कंट्रोल	10	ऑपरेटर	16	अकाउंट क्लर्क	28
ऑपरेटर ग्रेड	1	फायरमैन	29	एएलडब्ल्यूओ	1
इलेक्ट्रिकल	10	जेई सिविल	21	**पंचायत विभाग**	
ओजीईसी	2	आप्रेटर	11	जेई इलेक्ट्रिकल	17
ओजीआईसी	2	फोरमैन	2	**सेकेंडरी एजूकेशन**	
टीईसी	13	प्लांट अटेंडेंट	8	क्लर्क	11

Scanned with OKEN Scanner